दिनांक-16दिसंबर2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

राजस्व वसूली में प्रगति लाने निगम सभागार में हुई बैठक

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत राजस्व वसूली में प्रगति लाने के लिए आज निगम सभागार में उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने बैठक ली, बैठक में समस्त जोन आयुक्त, जोन के राजस्व अधिकारी, स्पैरो कंपनी के कर्मचारी सम्मिलित हुए! आज हुई बैठक में उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने स्पैरो कंपनी , जोन के राजस्व अधिकारी से वार्ड वार कुल आवासीय , व्यवसायिक, संपत्तिकर, जलकर,समेकितकर, शिक्षाउपकर जमा करने वालों की संख्यात्मक एवं राजस्व वसूली की जानकारी प्राप्त की! श्री द्विवेदी ने संपत्ति कर जमा करने वाले एवं गैर संपत्ति कर वालों का भी डाटा का मिलान किया! उन्होंने स्पैरो कंपनी से कहा कि लक्ष्य का 100% वसूली किया जावे, वसूली में प्रगति लावे तथा कितने घरों से राजस्व की वसूली की जा चुकी है की भी जानकारी प्राप्त की! बता दें कि दो दिन पूर्व ही आयुक्त महोदय द्वारा जलकर एवं जल विभाग के अधिकारियों की बैठक ली गई थी जिसमें जलकर वसूली के संबंध में स्पैरो कंपनी को वसूली को लेकर फटकार भी लगाई गई थी! राजस्व वसूली के पूर्ण विवरण सहित पृथक से समीक्षा बैठक लिए जाने के निर्देश दिए गए थे जिस पर आज बैठक आयोजित की गई! आज की बैठक में जोन के राजस्व अधिकारी के पास उपलब्ध डाटा , स्पैरो कंपनी के डाटा एवं मुख्य कार्यालय की राजस्व विभाग के कर्मचारियों के पास उपलब्ध डाटा का मिलान भी किया गया

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!

जनसंपर्क अधिकारी